**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 04.03.2026** **(दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा रंगों का त्योहार होली। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सद्भाव और प्रेम के साथ होली खेलने का दिया संदेश।**
2. **राज्य सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 237 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस खरीदने का लिया निर्णय, स्वास्थ्य विभाग ने खरीद प्रस्ताव को दी मंजूरी।**
3. **राज्य में नगर निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित मेयर, अध्यक्ष और पार्षदों को 10 से 20 मार्च के बीच दिलायी जायेगी शपथ, अप्रत्यक्ष प्रणाली से डिप्टी मेयर और उपाध्यक्षों का होगा चयन।**
4. **भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन को बिहार से राज्यसभा का प्रत्याशी बनाये जाने पर झारखंड भाजपा के नेताओं ने दी शुभकामनाएं।**
5. **रांची में 11 मार्च से तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप का आयोजन, देशभर के लगभग 250 शीर्ष रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी लेंगे हिस्सा।**

*********************

झारखंड समेत देशभर में आज होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। रंगों के इस त्योहार पर **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु** ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि होली आनंद और उत्सव का त्योहार है जो सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। **उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन** ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। वहीं **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने देशवासियों को होली की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रंग और उमंग से भरा यह त्योहार सबके लिए खुशियां, सुख और समृद्धि लेकर आये। वहीं **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** ने भी राज्यवासियों को रंगों का त्योहार होली की शुभकामनाएं दी है।

**उधर** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा में होली का त्योहार मना रही हैं। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों की उन्नति की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने सभी से इस रंगोत्सव में भेदभाव मिटाकर शामिल होने की अपील की।

*********************

इधर होली के अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नफरत को दूर भगाने और आपसी सद्भाव को बढ़ाने का संदेश दिया।

होली के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी जिलों में पुलिस गश्ती कर रही है। सुरक्षा को लेकर पूरे राज्य में पांच हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून–व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

*********************

**इधर** स्वास्थ्य विभाग होली में संभावित हादसों को देखते हुए अलर्ट है। रिम्स समेत सभी जिला अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। मेडिसिन, सर्जरी और ऑर्थोपेडिक विभाग की अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं। ट्रॉमा सेंटर में अतिरिक्त बेड आरक्षित किए गए हैं। आईसीयू को तैयार रखने का निर्देश दिया गया है।

*********************

पूरे राज्य में आज होली के दिन ड्राई डे है। इस मौके पर सभी जिलों में शराब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस अवधि में शराब की बिक्री और आपूर्ति पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

*********************

राज्य सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 237 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस खरीदेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने खरीद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एंबुलेंस खरीदने की जिम्मेवारी झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रिक्योरमेंट कॉरपोरेशन को सौंपी गई है। इनकी खरीद पर 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है। प्रत्येक एंबुलेंस की कीमत लगभग 50 लाख रुपए है। नयी एंबुलेंस से **108 सेवा** को मजबूती मिलेगी।

*********************

राज्य में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित मेयर और नगर परिषद अध्यक्षों को 10 मार्च से 20 मार्च के बीच शपथ दिलायी जायेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि शपथ ग्रहण के साथ ही डिप्टी मेयर और उपाध्यक्षों का चुनाव भी कराया जायेगा।
इधर, हमारे चतरा संवाददाता ने बताया कि चतरा नगर उपाध्यक्ष का चुनाव 16 मार्च को होगा जबकि इसकी आधिकारिक अधिसूचना 7 मार्च को जारी होगी। अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले इस चुनाव में चतरा नगर परिषद के 22 वार्ड पार्षद अपना मत डालेंगे।

*********************

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बिहार से राज्यसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राज्यसभा में उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता पार्टी तथा देशहित में प्रभावी साबित होगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नितिन नवीन का संसदीय अनुभव और संगठनात्मक कौशल राज्यसभा में पार्टी की आवाज को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार से उनका प्रत्याशी बनाया जाना पार्टी नेतृत्व का दूरदर्शी निर्णय है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास ने कहा कि नितिन नवीन का राजनीतिक अनुभव और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें उच्च सदन में प्रभावी भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगी।

*********************

सिमडेगा पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाने और उसकी बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने बताया कि पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया और उसे नष्ट कर दिया।

*********************

बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र के योधाडीमोड़ के पास निर्माणाधीन एक अपार्टमेंट की पानी टंकी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। वहीं चतरा के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत कदगावां खुर्द स्थित लेढ़िया नदी से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। थाना प्रभारी ने आम लोगों से शव के पहचान की अपील की है।

*********************

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष पांचवें दिन भी जारी रहने के कारण घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। ताजा खबर के अनुसार सेंसेक्स 1500 अंक गिरकर 78 हजार 740 जबकि निफ्टी 502 अंक गिरकर 24 हजार 363 पर आ गया।

*********************

राजधानी रांची में 11 मार्च से सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में **नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप** शुरू होगी। यह प्रतियोगिता 13 मार्च तक चलेगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 250 शीर्ष रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें 50 अंतरराष्ट्रीय मास्टर और ग्रैंडमास्टर रैंकधारी खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता **फिडे नियमों** के तहत संपन्न होगी।